भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1539
15 मार्च, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स दिल्ली में ऑनलाइन पंजीकरण के लिए लंबा इंतजार

1539. चौधरी सुखराम सिंह यादवः
श्री राम नाथ ठाकुरः
श्रीमती छाया वर्माः
श्री विशम्भर प्रसाद निषादः

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ओपीडी मरीजों को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के ऑनलाइन पंजीकरण हेतु लंबा इंतजार करना पड़ता है जिसके कारण मरीज निजी अस्पतालों में इलाज हेतु बाध्य हो रहे हैं;
(ख) ऑनलाइन ओपीडी समय लेने वाले कितने मरीज विभिन्न कारणों से तय समय पर परामर्श के लिए एम्स नहीं पहुँच पा रहे हैं;
(ग) क्या ऑनलाइन माध्यम की अपेक्षा ऑफ लाइन ओपीडी पर्ची बनवाकर ज्यादा गरीब मरीज इलाज कराने में सफल हो रहे थे; और
(घ) ऑफ लाइन माध्यम से प्रतिदिन कितने मरीज इलाज कराते थे और ऑनलाइन व्यवस्था के बाद कितने मरीज इलाज करवा पा रहे हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) ओपीडी पंजीकरण संबंधित विशेषज्ञ/विभाग की अधिकतम संचालन क्षमता के अनुसार की जाती हैं। नए रोगी पंजीकरण के लिए ओपीडी अपॉइंटमेंट स्लॉट में से 50% ऑनलाइन मोड के माध्यम से उपलब्ध हैं। शेष 50% स्लॉट ऑफलाइन मोड में उपलब्ध हैं।

(ख) पिछले दो महीनों यानी जनवरी, 2022 और फरवरी, 2022 के लिए ड्रॉप-आउट रोगियों, जिन्होंने ऑनलाइन मोड के माध्यम से पंजीकरण दर्ज किया था लेकिन ओपीडी में शामिल नहीं हो सके, की संख्या 28,926 थी।

(ग) और (घ) जनवरी, 2022 और फरवरी, 2022 के महीनों मे ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड के माध्यम से रोगी पंजीकरण का विवरण निम्नानुसार है: -

दर्ज पंजीकरण			
माह	**आनलाइन**	**आफलाइन**	**कुल**
जनवरी , 2022	23767	67298	91065
फरवरी , 2022	23394	71933	95327

******